प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 24.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के सभी किसानों को बधाई दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह पहल देश के किसानों को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रही है। उन्होंने कहा कि लाखों छोटे किसानों को वित्तीय मदद मिलने से अब उनके लिए बाजार सुलभ हो गया है।
प्रधानमंत्री आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। देश भर के 7 सौ 31 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से ज्यादा किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता मिलेगी। योजना का राज्य स्तरीय समारोह आज जयपुर में दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान आयोजित किया जा रहा है। इसमें राज्य के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। विभिन्न जिलों में भी किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

............................

विधानसभा में आज विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस के 6 विधायकों को निलंबित करने के मामले में पार्टी का विधायक दल लगातार विरोध कर रहा है। आज जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू हुई कांग्रेस के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया जिसके कारण 13 मिनट बाद सदन की कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। शून्य काल में भी ऐसा ही हुआ कुछ देर सदन की कार्रवाई चली लेकिन बाद में कार्यवाही को दोपहर 1 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। सदन के बाहर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष भी इस गतिरोध का समाधान चाहता है लेकिन कुछ लोग ऐसा नहीं चाहते जिसके कारण गतिरोध अभी भी बना हुआ है। इस बीच आज कांग्रेस कार्यकर्ता जयपुर में सहकार भवन के पास प्रदर्शन कर रहे है।

............................

जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आज पुलिस अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने 64 पुलिसकर्मी और अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्री पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक और डीजीपी डिस्क देकर सम्मानित किया। आरपीए डायरेक्टर एस सेंगथिर ने बताया कि इस मौके पर सेरेमोनियल परेड का आयोजन हुआ।

............................

जालौर मे मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी वितरण योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 30 दिव्यांगों को स्कूटियों के साथ हेलमेट का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सरकार दिव्यांगजन के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूटी मिलने से दिव्यांगों को उनके दैनिक कार्यों के साथ ही शिक्षा और व्यवसाय में आसानी रहेगी। इस अवसर पर सांसद लुम्बाराम चौधरी ने दिव्यांगों से केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।

............................

सप्त शक्ति कमान की ओर से आज से जयपुर में सेना अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 28 फरवरी तक चलने वाला यह शिविर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया है। जनसंपर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस शिविर में 200 से अधिक सर्जरी होगी। साथ ही 300 से अधिक गौरव सेनानियों और परिवारों की आंखों की पूरी जांच की जाएगी और मरीजों को चश्मे तथा

दवाइयां वितरित की जाएंगी। शिविर का उद्घाटन सप्त शक्ति कमान की क्षेत्रीय अध्यक्ष बरिंदरजीत कौर ने किया। इस अवसर पर आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान और अन्य वरिष्ठ नागरिक तथा गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

............................

प्रदेश के कई जिलों में सुबह–शाम के समय सर्दी का असर बना हुआ है। सीकर, पिलानी समेत आठ शहरों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का मौसम शुष्क रहा। हालांकि जयपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर, गंगानगर, सीकर, पाली समेत लगभग सभी शहरों में दिन में गर्मी का असर देखा गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले 48 घंटे के दौरान अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान है। प्रदेश में 27 फरवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की भी संभावना है। इसके प्रभाव से कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस सिस्टम का असर एक मार्च तक रहने के आसार है।

............................